# बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना

विज्ञप्ति संख्या – पी०आर० 08/2024

## इन्टरमीडिएट वार्षिक प्रायोगिक परीक्षा, 2024 के लिए निर्धारित परीक्षा केन्द्र के केन्द्राधीक्षकों, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (मा० शि०) एवं सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी/जिला पदाधिकारी के लिए आवश्यक सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि इन्टरमीडिएट वार्षिक परीक्षा, 2024 में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थियों के प्रायोगिक विषयों की परीक्षा जिला में निर्धारित विभिन्न परीक्षा केन्द्रों पर **दिनांक 10.01.2024 से 20.01.2024** तक संचालित होनी है। उक्त परीक्षा हेतु सामान्यतः परीक्षार्थियों के शिक्षण संस्थान ही परीक्षा केन्द्र (गृह केन्द्र) होंगे तथा संस्थान के प्रधान केन्द्राधीक्षक के दायित्व में होंगे।

2. परीक्षा केन्द्रों पर उपयोग में लाये जाने वाले विभिन्न प्रकार की पैकिंग सामग्री यथा–पॉली बैग, कोरूगेटेड बॉक्स, लिफाफा, गोपनीय प्रश्न पत्र, परीक्षा केन्द्रों एवं उससे सम्बद्ध +2 शिक्षण संस्थानों की सूची, केन्द्राधीक्षक नियुक्ति पत्र व मार्गदर्शिका आदि परीक्षा केन्द्रवार पैकिंग कर समिति द्वारा प्रतिनियुक्त विशेष दूत के माध्यम से संबंधित जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय में भेज दिया गया है। प्रायोगिक परीक्षा की अन्य सामग्री यथा–डाटायुक्त/डाटारहित उत्तरपुस्तिका, उपस्थिति पत्रक, अनुपस्थिति पत्रक एवं मार्क्स फॉयल संबंधित एजेंसी द्वारा सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय में प्राप्त करा दिये गये हैं, जहाँ से केन्द्राधीक्षक अथवा उनके द्वारा विधिवत् प्राधिकृत प्रतिनिधि उक्त सामग्री प्राप्त करना सुनिश्चित करेंगे।

3. सभी प्रायोगिक परीक्षा केन्द्र के केन्द्राधीक्षक से अनुरोध है कि संबंधित जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय से गोपनीय परीक्षा सामग्री प्राप्त कर उसका अनिवार्य रूप से मिलान कर सुनिश्चित हो लेंगे कि अपने परीक्षा केन्द्र एवं उससे सम्बद्ध +2 विद्यालय/महाविद्यालय के परीक्षार्थी, जिन्हें प्रायोगिक परीक्षा में सम्मिलित होना है, के अनुरूप सभी गोपनीय परीक्षा सामग्री उन्हें प्राप्त हो गयी है। प्राप्त किये गये गोपनीय परीक्षा सामग्री में से यदि कोई सामग्री अप्राप्त हो, तो इसकी सूचना अविलम्ब जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय के साथ–साथ परीक्षा नियंत्रक (उ०मा०) के **मोबाईल नम्बर– 9431025181**/उप परीक्षा नियंत्रक (उ०मा०) के **मोबाईल नम्बर– 7061281841**/प्रशासनिक–सह–प्रभारी पदाधिकारी, भंडार (उ०मा०) के **मोबाईल नम्बर– 9431483830** पर सूचित कर समस्या का समाधान किया जा सकता है।

4. सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी से अनुरोध है कि जिला में निर्धारित प्रायोगिक परीक्षा केन्द्र के केन्द्राधीक्षक अथवा उनके द्वारा विधिवत् प्राधिकृत प्रतिनिधि को परीक्षा सामग्री वितरण कराने की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे।

परीक्षा नियंत्रक (उ०मा०)

Scanned with CamScanner